

### एक नजर में



## ई-रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**छतरपुर.** छतरपुर जिले में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में टीकमगढ़ के बुड़ेरा गांव निवासी रामदयाल यादव की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी संगीता यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं. दोनों बागेश्वर धाम से दर्शन कर बाइक से घर लौट रहे थे. कदारी क्षेत्र के पास एक ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामदयाल को मृत घोषित कर दिया. संगीता यादव का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

## अजब- गजब! मृतक महिला के नाम पर भी कर डाला बीमा

**सलकनपुर.** क्षेत्र में बैंकिंग व्यवस्था और बीमा प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. रेहटी निवासी पान व्यवसायी राधेश्याम पंसारी की पत्नी छाया बाई पंसारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो चुका था, लेकिन आरोप है कि निधन के महीनों बाद उनके नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा सक्रिय कर दिया गया और खाते से प्रीमियम की पहली किस्त राशि भी काट ली गई. मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर बैंकिंग प्रक्रिया और दस्तावेज सत्यापन प्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. पीड़ित परिवार के अनुसार, पत्नी का निधन 29 जनवरी 25 को हुआ था. निधन के करीब 7 महीने बाद 20 सितंबर 25 को जब बैंक खाते से प्रीमियम कटने का मोबाइल में संदेश मिला, तब उन्हें इसकी जानकारी हुई. इसके बाद परिवार ने बैंक शाखा से संपर्क किया और आपत्ति दर्ज कराई. मामला अब कानूनी कार्रवाई की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है. राधेश्याम पंसारी ने भावुक होते हुए कहा, मेरी पत्नी अब इस दुनिया में नहीं हैं. उनके निधन के बाद उनके नाम पर बीमा होना और खाते से प्रीमियम कटना मेरे परिवार के लिए बेहद पीड़ादायक है. यह सिर्फ एक तकनीकी गलती नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं और सम्मान के साथ भद्दा मजाक है. टार्गेट के चलते किसी का भी उठा कर बीमा कर देते है. जिसका खामियादा बैंक के हुक्मरानों को भोगना पड़ेगा. यदि मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगा. मामले में बैंक ऑफ इंडिया की रेहटी शाखा के बैंक मेनेजर शैलेश शुक्ला का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी आंतरिक जांच कराई जा रही है, वहीं हमारे द्वारा बीमा क्लेम रजिस्टर्ड कर दिया गया है. यदि दस्तावेज सत्यापन या प्रक्रिया में किसी स्तर पर त्रुटि हुई है, तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

## दिन- दहाड़े ट्रक कटिंग कर ले गए माल

**आष्टा 5 मई.** क्षेत्र में इन दिनों ट्रक कटिंग की वारदातें तेजी से बढ़ रही हैं. आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर मैना जोड़ के पास एक ट्रक कटिंग का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में एक बदमाश चलती बाइक से ट्रक के ऊपर चढ़कर ट्रक में भरा माल उतारते नजर आता है. यही नहीं तेज रफ्तार ट्रक से बदमाश आसानी से उतरकर अपने अन्य साथियों के साथ रफूचक्कर होते भी नजर आ रहा है. हालांकि पार्वती पुलिस इस तरह की किसी भी घटना की सूचना नहीं होने की बात कह रही है. नेशनल हाईवे आष्टा-शुजालपुर पर चलती ट्रक से सामान चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बताया जाता है कि मैना और तिलावद के बीच हुई ट्रक कटिंग की इस वारदात में बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने ट्रक का पीछा किया. इनमें से एक बदमाश ट्रक पर चढ़ गया. उसने रस्सी काटकर तिरपाल हटाई और कुछ ही मिनटों में दो बड़े बॉक्स नीचे फैंक दिए. इसके बाद आरोपी चलते ट्रक से उतरकर सामान समेटकर भाग गए. ट्रक के पीछे चल रहे वाहन चालकों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

# दो बाइकों में टक्कर, एक की मौत

### शादी से लौट रहे थे युवक, दो की हालत गंभीर

**छतरपुर, 5 मई. आंधी और खराब मौसम ने जिले में एक बार फिर तबाही का मंजर दिखाया है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में प्रकृति के इस रौद्र रूप के चलते एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की जान चली गई. धूल भरी आंधी के कारण दो बाइकें आपस में बुरी तरह टकरा गईं, जिससे मौके पर ही चीख-पुकार मच गई.**

हादसा उस वक्त हुआ जब हवाओं की रफ्तार ने सड़क पर चल रहे वाहनों का संतुलन बिगाड़ दिया. जानकारी के अनुसार, रामकिशोर उर्फ बाबू कुशवाहा (26 वर्ष), निवासी मंडी के पीछे, एक शादी समारोह की खुशियों में शामिल होकर घर लौट रहा था. तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक, जिस पर कोमल कुशवाहा (25 वर्ष) और महेश कुशवाहा (32 वर्ष) सवार थे, आंधी की वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई. दोनों बाइकों के बीच हुई यह सीधी भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि रामकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई.



घायल कोमल और महेश ग्राम मौराहा के निवासी हैं और अपने खेत से काम निपटाकर वापस लौट रहे थे. स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामकिशोर को मृत घोषित कर दिया. घायल युवकों का उपचार जारी है और उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है.

**पुलिस जांच शुरू, परिजनों में मातम**

घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. एक तरफ जहां शादी वाले घर में मातम पसर गया है.



## सुसाइड नोट मिलने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**परिजनों ने एसपी ऑफिस में लगाई न्याय की गुहार**

**छतरपुर, 5 मई. जिले के नौगांव क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं. मृतक विकास अहिरवार ( 34 वर्ष ) की जेब से सुसाइड नोट मिलने के बावजूद अब तक आरोपियों पर मामला दर्ज नहीं होने से परिजनों में भारी आक्रोश है. मंगलवार को मृतक की बहन और अन्य परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की मांग की.**

परिजनों के अनुसार 22 अप्रैल को विकास अचानक घर लौटा और काफी तनाव में नजर आ रहा था. कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ गई. उसे पहले सिविल अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

पोस्टमार्टम के दौरान उसकी जेब से मिले सुसाइड नोट में एक महिला सहित कुछ लोगों पर पैसे मांगने, ब्लैकमेल करने और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं. इसके बावजूद अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

परिजनों ने चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर वे आंदोलन करेंगे. वहीं सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.



## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

- घायल जिला अस्पताल में भर्ती
- सिर व हाथ में गंभीर चोट आई

**छतरपुर, 5 मई. छतरपुर शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. कोतवाली थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.**

घायल की पहचान लक्ष्मण विश्वकर्मा (34) निवासी गुलगंज, हाल निवासी गौतम नगर छतरपुर के रूप में हुई है. वह पेशे से ट्रक ड्राइवर है और ट्रांसपोर्ट नगर से सामान लेकर अपने घर लौट रहा था. शाम करीब 5 बजे जैसे ही वह रास्ते में पहुंचा, सामने से आ रही काले रंग की तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी.

हादसा इतना भीषण था कि लक्ष्मण मौके पर ही बेहोश हो गया. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में उसके शरीर में तीन जगह फ्रैक्चर और सिर व हाथ में गंभीर चोट की पुष्टि की है. घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. वहीं, इस हादसे के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है.

# एक बल्ब और एक पंखा बिल 72 हजार रुपये

- बुजुर्ग ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार
- बिल जमा न करने पर कुर्की का नोटिस जारी किया

**छतरपुर, 5 मई. जिले में बिजली बिलों को लेकर आमजन की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं. ताजा मामला ललौनी निवासी बुजुर्ग मजदूर विहारी प्रजापति का है, जिन्होंने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या रखी.**

पीड़ित के अनुसार, वह कच्चे मकान में रहते हैं और घर में केवल एक बल्ब व एक पंखा ही उपयोग में है, इसके बावजूद उन्हें पहले 46,168 रुपए का बिजली बिल मिला, जो बढ़कर करीब 72 हजार रुपए तक पहुंच गया. परिजनों ने बताया कि विहारी प्रजापति मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और इतनी बड़ी राशि जमा करना उनके लिए संभव नहीं है. वहीं बिजली कंपनी ने बिल जमा न करने पर कुर्की का नोटिस जारी कर सात दिन में भुगतान करने के निर्देश दिए हैं. मामले में जिला पंचायत सीईओ ने जांच के आदेश दिए हैं. बिजली कंपनी के एई के.एस. घोषी ने बताया कि बिल अधिक आने की जांच कराई जाएगी, जबकि कुर्की नोटिस विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा है.

# कलेक्टर ने 12 प्रगणकों को किया सम्मानित

### समय से पहले पूरा किया जनगणना कार्य

**छतरपुर, 5 मई. जिले के गौरिहार अनुभाग ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. निर्धारित समय सीमा से पहले मकान सूचीकरण और गणना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले 12 प्रगणकों को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कलेक्ट्रेट में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्रगणकों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की.**

सम्मान समारोह के दौरान कलेक्टर ने प्रगणकों से सीधा संवाद कर उनके जमीनी अनुभवों का फीडबैक लिया. गौरिहार ब्लॉक के मझपटिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक अरुण कुमार अहिरवार ने जनगणना के पहले ही दिन अपना कार्य पूर्ण कर जिले में एक मिसाल पेश की. वहीं, नगर परिषद बारीगढ़ के प्रीतम अहिरवार और माध्यमिक शाला कटरा की पिरगिया पाल सहित अन्य 12 प्रगणकों ने भी अपनी लगन से इस कठिन कार्य को समय से बहुत पहले निपटा लिया.



**इनका हुआ सम्मान :** सम्मानित होने वालों में अरुण कुमार अहिरवार, प्रीतम अहिरवार, पिरगिया पाल सहित गौरिहार अनुभाग के वह 12 शिक्षक और कर्मचारी शामिल हैं जिन्होंने अपने आवंटित ब्लॉक में मकान सूचीकरण का कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया.

**कलेक्टर ने कहा : समर्पण से ही संभव है कार्य**

प्रगणकों की हौसला अफजाई करते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. समय सीमा के भीतर और त्रुटिहीन कार्य करना प्रगणकों के समर्पण को दर्शाता है. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया और एसडीएम गौरिहार बलबीर रमन ने भी गौरिहार की इस टीम की प्रशंसा की.

## अवैध शराब बेचने दबाव बनाने का आरोप

### मनिहारी मोहल्ला निवासी युवक ने एसपी से मांगी सुरक्षा

**छतरपुर, 5 मई. छतरपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है. मनिहारी मोहल्ला निवासी सुनील श्रीवास ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए शराब ठेकेदारों पर दबाव बनाने, धमकी देने और झूठे मामलों में फंसाने के आरोप लगाए हैं.**

पीड़ित ने बताया कि वह पहले शराब ठेकेदारों के लिए काम करता था, लेकिन अब यह काम छोड़कर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है. उसका आरोप है कि ठेकेदार प्रवीण पांडे और नवीन पांडे उसे दोबारा अवैध शराब बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं.



युवक के अनुसार, मना करने पर उसे झूठे मामलों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है. साथ ही ठेकेदार का कर्मचारी मुकेश शिवहरे पर पुलिस से मिलीभगत कर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया है.

पीड़ित ने बताया कि 2 मई को कोतवाली पुलिस उसके घर पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला. इसके बावजूद उसे लगातार परेशान किया जा रहा है. युवक ने एसपी से निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की है. उसके परिवार में गर्भवती पत्नी और तीन बेटियां हैं, जिससे उसकी चिंता और बढ़ गई है.


## एक बल्ब और एक पंखा, बिल 72 हजार रुपये

- बुजुर्ग ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार
- बिल जमा न करने पर कुर्की का नोटिस जारी किया

**छतरपुर, 5 मई. जिले में बिजली बिलों को लेकर लोग परेशान हैं. ताजा मामला ललौनी निवासी बुजुर्ग मजदूर विहारी प्रजापति का है, जिन्होंने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या रखी.**

पीड़ित के अनुसार, वह कच्चे मकान में रहते हैं और घर में केवल एक बल्ब व एक पंखा ही उपयोग में है, इसके बावजूद उन्हें पहले 46,168 रुपए का बिजली बिल मिला, जो बढ़कर करीब 72 हजार रुपए तक पहुंच गया. परिजनों ने बताया कि विहारी प्रजापति मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और इतनी बड़ी राशि जमा करना उनके लिए संभव नहीं है. वहीं बिजली कंपनी ने बिल जमा न करने पर कुर्की का नोटिस जारी कर सात दिन में भुगतान करने के निर्देश दिए हैं. मामले में जिला पंचायत सीईओ ने जांच के आदेश दिए हैं. बिजली कंपनी के एई के.एस. घोषी ने बताया कि बिल अधिक आने की जांच कराई जाएगी, जबकि कुर्की नोटिस विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा है.


## फार्मर आईडी अभियान को मिली रफ्तार

### घर-घर जाकर पीले चावल देकर जागरूक कर रहे कर्मचारी

**चंदला, 5 मई. राजस्व विभाग एवं तहसीलदार के निर्देशन में इन दिनों क्षेत्र में फार्मर आईडी बनाने का अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है. इसी क्रम में पटवारी अयोध्या पटेल एवं कोटेदार द्वारा वार्डों में घर-घर पहुंचकर नागरिकों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है.**

4 मई को घर घर जा कर अभियान के तहत कर्मचारियों ने अनूठी पहल करते हुए लोगों को पीले चावल (आमंत्रण के प्रतीक) देकर फार्मर आईडी बनवाने का संदेश दिया. इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों एवं नागरिकों को इस महत्वपूर्ण योजना से जोड़ना है, ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके.



पटवारी अयोध्या पटेल ने बताया कि फार्मर आईडी बनने से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा. उन्होंने सभी पात्र लोगों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराएं.

स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की है और इसे जागरूकता बढ़ाने की एक सकारात्मक कोशिश बताया है.

**निरीक्षण** कलेक्टर अचानक कदारी उपार्जन केन्द्र पहुंचे, परिवहन में लापरवाही पर नोटिस के निर्देश

# कलेक्टर ने खुद अलग-अलग कांटों पर तुलवाया गेहूं

**छतरपुर, 5 मई. जिले में खराब मौसम और बारिश की आशंकाओं के बीच कलेक्टर पार्थ जैसवाल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. कलेक्टर ने कदारी गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने न केवल अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए, बल्कि खुद कांटे पर खड़े होकर गेहूं की बोरियों की तौल कराई, जिससे केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया.**

**कहा- गेहूं के परिवहन में देरी बर्दाश्त नहीं:** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बारिश के मद्देनजर गेहूं को सुरक्षित ढंग से ढकने और उसके उठाव (परिवहन) में कोई कोताही न बरती जाए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि अनलोडिंग के समय लेबर की कमी पाई जाती है या ट्रांसपोर्ट एजेंसी लापरवाही करती है, तो संबंधित एजेंसी को तुरंत 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर सख्त कार्रवाई की जाए.



**किसानों से किया सीधा संवाद:** कलेक्टर जैसवाल ने केंद्र पर पारदर्शिता परखने के लिए अलग-अलग कांटों पर गेहूं की बोरियों की तौल कराई. साथ ही, वहां मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर उनके पंजीयन और विक्रय हेतु लाए गए गेहूं के आंकड़ों का मिलान किया. उन्होंने किसानों से केंद्र पर मिल रही सुविधाओं, जैसे पेयजल और छाया की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली.

**भुगतान में न हो देरी, अधिकारियों को दी 'डेडलाइन'**

कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि गेहूं बेचने वाले किसानों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहना चाहिए. कदारी केंद्र पहुँचने से पहले उन्होंने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेकर प्रतिदिन की मॉनिटरिंग रिपोर्ट पेश करने और अगले दिन का एडवांस 'परिवहन प्लान' तैयार रखने के निर्देश दिए. इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया, खाद्य विभाग के अधिकारी, डीएमओ मार्कफेड और नागरिक आपूर्ति निगम (नॉन) के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

## कई शहरों से वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 10 लाख रुपए के ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहन बरामद किए हैं. यह गिरोह सीहोर सहित मंडी, इछावर, पार्वती और शुजालपुर क्षेत्र में सक्रिय था. पुलिस के अनुसार देव राय ने 29 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मुरली नाका रोड स्थित रेत के पीठे से उसका ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चोरी हो गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया.

## स्कूल में घुसकर अज्ञात युवक ने की तोड़फोड़

- घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद
- पुलिस आरोपी युवक को तलाश रही



**छतरपुर, 5 मई. छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र स्थित एक शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है. बीती शाम एक अज्ञात युवक स्कूल परिसर में घुस गया और टॉयलेट का ताला तोड़कर कमोड, बेसिन सहित अन्य सामान को पत्थर से तोड़ दिया.**

घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. स्कूल के प्राचार्य उमाशंकर अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के चलते स्कूल का समय सुबह से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है, जिसके बाद स्कूल बंद हो जाता है. इसी दौरान आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया. प्राचार्य के अनुसार, इससे पहले भी स्कूल में नल और अन्य सामान तोड़े जाने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके चलते ही सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे. हालांकि कैमरा टॉयलेट के बाहर तक ही रिकॉर्ड करता है, लेकिन आरोपी की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं. गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.